Seat No. : _______________

# DM-101-H

**December-2013**

## B.Com. (Sem.-I)

## CC-103 : Accountancy – I

## (Hindi Version)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (A) पाटण के परेश ने अहमदाबाद के अरविंद को ता. 1-7-13 को ₹ 1,400/- एक की लागत कीमत पर 200 टाइल्स की पेटियाँ 18% लाभ मिले इस तरह बीजक मूल्य पर आढ़त से बेचने के लिए भेजी । माल भेजने के समय परेश ने निम्नानुसार व्यय किया है :

बीमा ₹ 5,000, परिवहन भाड़ा ₹ 10,000.

परेश ने ₹ 1,50,000/- की चार माह की नियाद पर हुँडी बनाकर भेजी । जिसे हिरेन ने स्वीकार कर वापस किया । उस हुँडी को परेश ने 18% वार्षिक दर से भुनाया ।

हिरेन को कुल बिक्री पर 4% साधारण आढ़त तथा उधार बिक्री पर 3% आसामी आढ़त (डेल-क्रेडटि) प्रत्यायक देना है । अरविंद ने ₹ 3,000 जकात का और ₹ 1,600 वाहन भाड़ा चुकाया । ता. 31-10-2013 तक उसने निम्नानुसार बिक्रय किया है ।

50 पेटी ₹ 2,600 के भाव से नकद में बेची । 20 पेटियाँ ₹ 3,000 के भाव से उमेद को उधार में बेची । 15 पेटियाँ परेश के कहने पर उकेल को ₹ 3,100 के भाव से उधार बेची । उकेल के दीवालिया हो जाने पर उससे मात्र 80% रकम ही वसूल की जा सकी ।

उपरोक्त विवरण के आधार पर परेश की खाताबही में अरविंद आढ़तिया का लेखा तैयार कीजिए । **7**

**अथवा**

(A) मोहन ने ₹ 40,000 का एक ऐसी 10 मशीनें मुकुल से आढ़त पर बेचने के लिए भेजी । माल भेजने के समय ₹ 6,000 बीमा का, ₹ 3,000 परिवहन भाड़ा चुकाया । मार्ग में दो मशीनें नुकसानग्रस्त हो गई । इन मशीनों को ₹ 32,000 की एक की दर से बेच दिया । बीमा कंपनी ने ₹ 10,000 दावे के स्वीकृत किए । आढ़तिये ने बाकी की मशीनों को प्राप्त कर ₹ 4,000 ओक्ट्राय तथा ₹ 1,000 गाड़ी का भाड़ा चुकाया । सभी मशीनों को ₹ 50,000 के हिसाब से बेच दिया । बढ़ी हुई रकम ड्राफ्ट बनाकर मोहन को भेज दी ।

उपरोक्त विवरण के आधार पर आढ़तिये के बहीखाते में आवश्यक प्रतिष्ठियाँ लिखकर मोहन का खाता तैयार कीजिए ।

(B) निम्न में से कोई **दो** के उत्तर दीजिए : **5**

(1) आढ़त माल के हिसाबों में आढ़तिये की खाताबही में कौन-कौन से खाते बनाये जाते हैं ? नमूना सहित समझाइए ।

(2) यदि आढ़तिया ने नकद बिक्री ₹ 40,000, उधारी बिक्री ₹ 60,000, माल मालिक के सूचना पर उधार बिक्री ₹ 20,000 तथा ₹ 35,000 का माल आढ़तिये ने स्वयं रख लिया है और ₹ 15,000 का अंतिम स्टॉक है । यदि आसामी आढ़त (प्रत्यायक) 2% तथा सामान्य आढ़त 5% हो तो आढ़तिये को कुल कितनी आढ़त मिलेगी ?

(3) बिक्री तथा आढ़त माल में भेद स्पष्ट कीजिए ।

(C) यदि आढ़तिये ने आढ़त माल में से नमूने के तौर पर विज्ञापन के लिये माल दिया हो तो उसकी हिसाब में किस प्रकार असर होती है समझाइए । **2**

**अथवा**

400 रेडियों आढ़त पर बेचने हेतु भेजने वाले मालमालिक ने ₹ 6,000 तथा आढ़तिये ने ₹ 3,000 का खर्च किया । यदि अंतिम स्टॉक 68 रेडियों हो तो उसकी कीमत निकालिए । रेडियो का लागत मूल्य प्रति इकाई ₹ 500 तथा बिक्री कीमत ₹ 650 है ।

2. (A) श्री हितेशभाई की हरीपुरा में एक शाखा है । वे लागत मूल्य पर 15% बढ़ाते हुए शाखा को माल भेजते है । शाखा को मिलने वाली तमाम नगद हरीपुरा में ही खुली देना बैंक में मुख्य ऑफिस के खाते में जमा कर दी जाती है । निम्न विवरणों के आधार पर मुख्य ऑफिस की खाताबही में हरीपुरा शाखा का खाता तैयार कीजिए : **7**

| **विवरण** | **ता. 1-4-2012** | **ता. 1-4-2013** |
|---|---|---|
| | **(₹)** | **(₹)** |
| स्टॉक मूल किमत पर | 50,000 | 60,000 |
| देनदार | 40,000 | 35,000 |
| पेटी (खुदरा) रोकड़ | 1,000 | ? |
| फर्नीचर | 30,000 | ? |

वर्ष 2012-13 के दौरान का लेन-देन व्यवहार निम्नानुसार है :

शाखा ने वर्ष के दौरान बीजक मूल्य पर ₹ 2,20,000 का माल भेजा है ।

शाखा ने उसमें से ₹ 8,000 का माल वापस किया है ।

शाखा ने ₹ 4,000 की अशोध्य ऋण राशि बट्टे खाते में दर्शायी है ।

देनदारों ने ₹ 4,000 का माल वापस किया है ।

शाखा ने नकद बिक्री ₹ 2,50,000 की है ।

कुल बिक्री ₹ 3,55,000 की हुई है ।

खुदरा खर्च ₹ 3,500 हुआ है ।

मुख्य आफिस ने शाखा को खुदर खर्च के बाबत ₹ 5,000 भेजे हैं ।

मुख्य आफिस ने शाखा के लिए किराया ₹ 6,000, वेतन ₹ 20,000, तथा वाहन भाड़ा और ऑक्ट्राय शुल्क ₹ 6,000 चुकाए हैं । फर्नीचर पर 10% ह्रास गणना करती है ।

**अथवा**

(A) भावनगर की गोवर्धन एजेंसी की बावड़ा में एक स्वतंत्र शाखा संचालित है । 31-3-12 की ता. पर उनकी खाता-बही में अंतिम बाकियाँ निम्नानुसार हैं :

| | |
|---|---|
| बिक्रय | ₹ 2,50,000 |
| लेनदारी | ₹ 4,000 |
| मुख्य ऑफिस की जमा बाकी | ₹ 1,00,000 |
| शुरू का स्टॉक | ₹ 70,000 |
| अंतिम स्टॉक | ₹ 36,000 |
| फर्नीचर | ₹ 35,000 |
| देनदारी | ₹ 25,000 |
| प्राप्य हुँडियाँ | ₹ 16,000 |
| ऑफिस खर्च | ₹ 20,000 |
| बैंक खाता | ₹ 14,500 |
| रोकड़ हाथ पर | ₹ 2,500 |
| मोटरकार | ₹ 50,000 |
| मुख्य आफिस के प्राप्त माल | ₹ 1,20,000 |

**अतिरिक्त विवरण :**

₹ 6,000 का माल मार्गस्थ है । जबकि ₹ 5,000 की रोकड़ भी मार्गस्थ है ।

उपरोक्त विवरण के आधार पर व्यापार खाता नफा-नुकसान खाता तथा बैलेंस शीट तैयार कीजिए ।

(B) निम्न में से कोई भी **दो** के उत्तर लिखिए : **7**

(1) परतंत्र शाखा किसे कहते हैं ? परतंत्र शाखा के हिसाब किस पद्धति से लिखे जाते हैं ? उदाहरण सहित समजाइए ।

(2) पालीताणा के प्रताप की मोडासा में एक शाखा है । शाखा को मूल कीमत पर 25% लाभ लेकर बेचने की सूचना के साथ माल मूल कीमत पर भेजा जाता है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर शाखा के अंतिम स्टॉक की कीमत ज्ञात कीजिए ।

शाखा का आरंभिक स्टॉक ₹ 50,000, शाखा को भेजा गया माल ₹ 3,75,000, शाखा द्वारा वापस किया गया माल ₹ 30,000, शाखा द्वारा नकद बिक्री ₹ 1,50,000, शाखा द्वारा उधार बिक्री ₹ 3,50,000, देनदारों द्वारा वापस किया गया माल ₹ 12,000.

(3) शाखा के हिसाब, स्टॉक तथा देनदारों की पद्धति से अंकित करने की रीति समझाइए ।

3. (A) अजीत की खाताबही से निम्न जानकारी प्राप्त हुई है । जिसके आधार पर लेनदारों और देनदारों की अंतिम बाकियाँ मालूम कीजिए :

लेनदारों की आरंभिक बाकी ₹ 12,000, देय हुंडी की आरंभिक बाकी ₹ 7,000, कुल शुद्ध खरीदी ₹ 70,000, देय हुंडियों की अंतिम बाकी ₹ 8,000, देय हुंडियों का भुगतान किया ₹ 10,000, खरीद माल वापस आया ₹ 2,000, नगद खरीदी ₹ 22,800, लेनदारों को चुकाया ₹ 34,800, प्राप्त बट्टा ₹ 1,200, देनदारों की आरंभ की बाकी ₹ 65,000, कुल शुद्ध बिक्री ₹ 2,75,000, आरंभ की प्राप्य हुंडियाँ बाकी ₹ 12,000, – अंतिम बाकी ₹ 40,000, देनदारों से प्राप्त नगद ₹ 2,75,000, देनदारों को दिया गया बट्टा ₹ 5,000, संस्वीकृत की गई अशोध्य राशि ₹ 3,500, देनदारों ने वापस किया माल ₹ 5,000, प्राप्य हुंडियों से अर्जित ₹ 3,000, रोकड़ बिक्री ₹ 50,000. **7**

**अथवा**

(A) श्री मुकेश पटेल की लेखाबही से निम्न विवरण प्राप्त हुआ हैं । जिसके आधार पर ता. 31-3-2013 के रोज पूरे हो रहे वर्ष का वार्षिक हिसाब तैयार कीजिए :

| **संपत्तियाँ - देनदारियाँ** | **ता. 1-4-2012 (₹)** | **ता. 31-3-2013 (₹)** |
|---|---|---|
| स्टॉक | 25,000 | 35,000 |
| देनदार | 40,000 | 50,000 |
| फर्नीचर | 40,000 | (?) |
| लेनदार | 15,000 | 20,000 |
| रोकड़ सिलक | 5,000 | 4,000 |

**वर्ष दौरान के व्यवहार** :

| | |
|---|---|
| देनदारों से प्राप्त नकद | ₹ 1,61,000 |
| लेनदारों को चुकाई रकम | ₹ 1,16,000 |
| ऑफिस का खर्च | ₹ 48,000 |
| नगद अग्रिम राशि | ₹ 10,000 |
| वर्ष के आरम्भ में नगद पूंजी लाया | ₹ 20,000 |
| नकद बिक्री | ₹ 60,000 |
| नकद खरीदी | ₹ 42,000 |
| लेनदारों से प्राप्त बट्टा | ₹ 2,400 |
| देनदारों को दिया बट्टा | ₹ 3,000 |
| खरीदा माल वापस हुआ | ₹ 3,000 |
| बिका माल वापस हुआ | ₹ 5,000 |
| अशोध्य ऋण | ₹ 4,000 |
| फर्नीचर पर ह्रास | 12% |

(B) निम्न में से कोई भी **तीन** के उत्तर लिखिए : **7**

(1) एकल प्रविष्टि की हिसाबी पद्धति क्या है ? समझाइए ।

(2) आरंभिक स्टॉक ₹ 40,000, खरीदी ₹ 2,00,000, क्लोजिंग स्टॉक ₹ 80,000, सकल लाभ दर मूल कीमत का 18.5% हो तो कुल बिक्री मालूम कीजिए ।

(3) एकल प्रविष्ट हिसाबी पद्धति में डबल प्रविष्टि हिसाबी पद्धति के अनुसार हिसाब लिखा जाए तब देनदारों को अपूर्ण शेष जानकारियों को किस प्रकार मालूम किया जा सकता है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

(4) सिंगल प्रविष्टि हिसाबी पद्धति की सीमाओं की जानकारी दीजिए ।

(5) निम्न लेनदेन संबंधित सामान्य प्रविष्टियों तथा उसकी योग्य खातों में लेखांकन दर्शाइए :

– देनदारों से ₹ 12,000 की प्राप्य हुंडी मिली ।

– यह हुंडी एक लेनदार को पृष्ठांकित कर दी गई ।

4. (A) श्री नारद मुनि ने आग के नुकसान के विरुद्ध पूर्ण बीमा लिया है । उनके मकान के किसी हिस्से में आग लगी । बीमा कम्पनी ने निम्नानुसार ₹ 1,10,400 का दावा मंजूर किया :

प्लांट-मशीन ₹ 25,000, मकान ₹ 42,000, नुकसान प्रभावित स्टॉक ₹ 18,000, नष्ट हुआ स्टॉक (कीमत 50%) ₹ 10,800.

| | | | |
|---|---|---|---|
| परिमाणित नुकसान : | कामगारों को रोककर रखने की मजदूरी चुकाई | ₹ 4,200 | |
| | आनुशंगिक खर्च | ₹ 2,200 | |
| | नफा-नुकसान | ₹ 9,000 | ₹ 15,400 |

नष्ट हो गई मशीनें तथा यंत्र पुराने थे उनकी सम्पूर्ण पुस्त-कीमत बट्टा कृत कर ली गई थी । नया यंत्र खरीद ने का निश्चय किया गया । मकानों की मरम्मत का कार्य ₹ 25,000 में कराया गया । नुकसान प्रभावित स्टॉक पर ₹ 2,000 खर्च किये जाने पर उन्हें पूरी कीमत पर बेचा जा सका ।

आग के दावे का खाता तैयार कीजिए । **7**

**अथवा**

(A) बीमा धारित माल का स्टॉक आग से जल जाने पर बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत करने हेतु जल गए माल की कीमत किस पद्धति से मालूम की जाती है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

(B) श्री जोशी ने ₹ 2,70,000 का नफा-नुकसान की पॉलिसी ली । इन्डेम्निटी की अवधि तीन माह की है । ता. 31-12-2012 को पूर्ण होते वर्ष की बिक्री ₹ 21,00,000 थी । और शुद्ध लाभ ₹ 2,10,000 था । नफा-नुकसान खाते में ₹ 13,500 स्थायी खर्च के नामे किए गए थे । जिसमें ₹ 3,000 स्थिर खर्च का बीमा नहीं लिया गया हैं ।

ता. 1-4-2013 को आग लगी जिसकी वजह से कितनी ही प्रवृत्तियाँ अटक गई । श्री जोशी की ता. 1-4-2012 से 30-6-2012 तक की बिक्री ₹ 6,09,000 थी । और उसी समय को वर्ष 2013 की तीन माह की बिक्री ₹ 2,10,000 रही । ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते 12 माह की बिक्री ₹ 22,50,000 रही । ता. 1-1-2013 की उत्पादन की सुधरी पद्धति से 2013 में बिक्री पर 3% अधिक नफा मिलेगा । दावे का पत्रक तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

(B) आग के दावे के हिसाब में प्रमाणित बिक्री का क्या अर्थ है ? उसकी गणना किस प्रकार की जाती है ? विस्तार से समझाइए ।

(C) निम्न में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **2**

(1) यदि इन्डेम्नीटी अवधि 6 माह की तथा औसत बिक्री ₹ 20,000, वार्षिक बिक्री ₹ 80,000 और इन्डेम्निटी अवधि की गुमायी हुई बिक्री ₹ 6,000 हो तो गुमायी हुई बिक्री कितनी होगी ?

(2) परिमाणित नुकसान की पॉलिसी में इन्डेम्निटी की अधिकतम अवधि तथा कम से कम अवधि कितनी होती है ?

5. निम्न उपप्रश्नों के एक से अधिक विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प मालूम कर आपकी गणना या जवाब का आधार दर्शाए : (कोई भी **सात**) **14**

(1) मुख्य आफिस ने वर्ष के दौरान शाखा को ₹ 25,000 पेटी कैश हेतु भेजे । वर्ष की शुरुआत में पेटी कैश ₹ 2,400 और अंत में ₹ 2,000 थे । तो खुदरा खर्च

(a) ₹ 12,400 (b) ₹ 14,800

(c) ₹ 25,400 (d) ₹ 15,000

(2) आढ़तिये ने विज्ञापन हेतु आढ़त पर मिले माल में से यदि ₹ 2,000 का माल नमूने के रूप में दिया हो तो

(a) विज्ञापन/प्रचार खाते को नामे होगा ।

(b) आढ़तमाल खाते को नामे होगा ।

(c) इसकी कोई प्रविष्टि नहीं होगी ।

(d) आढ़त माल खाते में नामे और जमा दोनों तरफ होगा ।

(3) ता. 1-4-2012 को फर्नीचर की बाकी ₹ 1,00,000 है । यह फर्नीचर शाखा को 1-7-2012 को भेजने में आया है । ता. 31-3-2013 को 15% की सीधी रैखिक पद्धति से शाखा के खाताबही में इस फर्नीचर का ह्रास कितना होगा ?

(a) ₹ 15,000 (b) ₹ 30,000

(c) ₹ 7,500 (d) ₹ 17,300

(4) आरंभिक स्टॉक ₹ 30,000, खरीदी ₹ 1,80,000, अंतिम स्टॉक ₹ 10,000, सकल लाभ बिक्री का 20% हो तो कुल बिक्री कितनी होगी ?

(a) ₹ 2,10,000 (b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 2,50,000 (d) इसमें से कोई नहीं ।

(5) स्वतंत्र शाखा के लिए मुख्य आफिस का खाता

(a) माल-मिलकत खाते जैसा है । (b) पूंजी खाते जैसा हैं ।

(c) उपज खर्च खाते जैसा है । (d) नफा-नुकसान खाते जैसा है ।

(6) आग का बीमा किस मिलकत पर रक्षण प्रदान करता है ?

(a) अदृश्य मिलकतों

(b) अवास्तविक मिलकतों

(c) वास्तविक मिलकतों

(7) आढ़तिये को प्राप्त माल में से उसने ₹ 50,000 का माल नकद से, ₹ 50,000 का माल उधार, ₹ 15,000 का माल मालमालिक के बताए अनुसार उधार बिक्री किया गया है । यदि उसे 4% प्रत्यायक और 3% सामान्य आढ़त मिलने की पात्रता हो तो उसे मिलने योग्य सामान्य आढ़त __________ होगी ।

(a) ₹ 6,500 (b) ₹ 1,800

(c) ₹ 4,820 (d) इसमें से कोई नहीं ।

(8) शुद्ध सिंगल प्रविष्टि में उप-प्रविष्टियों में मात्र _________ रखने में आता है । जबकी खाताबही में केवल _________ के खाते होते हैं ।

(a) लेनदारों, देनदारों (b) रोकड़ बुक / कैशबुक व्यक्ति का

(c) खरीदी प्रविष्टि, मिलकतों (d) इनमें से कोई नहीं

(9) लेनदारों को बिक्री पृष्ठांकित कर दी गई प्राप्य हुंडी अस्वीकार की जाए तो _________ का खाता नामे किया जाता है और __________ का खाता जमा होता है ।

(a) लेनदारों, देनदारों (b) प्राप्य हुँडी, लेनदारों

(c) देनदारों, लेनदारों (d) देनदारों, प्राप्य हुंडी